# रामराजा लोक की तर्ज पर बनेगा कुण्डेश्वर लोक, मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणा

**पोषण पुनर्वास केन्द्र का लिया सीएम ने जायजा**

**जिला अस्पताल के मरीजों का जाना हाल**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत टीकमगढ़ पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री सबसे पहले जिला अस्पताल पहुंचे और वहां का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र का जायजा लिया, कुपोषित बच्चों एवं उनकी मां का जाना हाल और उन्हें फल दिए।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ग्राम पंचायत तखा पहुंचे और वहां स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।





इसके उपरांत नगर पालिका टीकमगढ़ में आयोजित जन विश्वास कार्यक्रम में भी शामिल हुए। जहां मुख्यमंत्री ने सबसे पहले जिले के उधोगपतियों से चर्चा की। वह सलाहकार समिति की बैठक में उन्होनें भाग लिया साथ ही मुख्यमंत्री ने जन विश्वास कार्यक्रम में पहुंचकर जनता से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के कई लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही को अंजाम दिया।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि टीकमगढ़ जिले में महाकाल की तर्ज पर कुंडेश्वर लोक बनाया जाएगा। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने टीकमगढ़ जिले में कुंडेश्वर धाम के विकास एवं विस्तार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा व्यवस्थित योजना तैयार कर इस कार्य को पूर्ण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने टीकमगढ़ के पीतल कारीगरों की कला एवं शिल्प को बढ़ावा देने की बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनविश्वास अभियान के तहत अपने टीकमगढ़ प्रवास के दौरान जिला विकास समिति की बैठक के उपरांत प्रेस ब्रीफिंग कर मीडिया प्रतिनिधियों को जिले के विकास एवं शासन की प्राथमिकताओं के संबंध में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिले के विकास के लिए प्रभावशाली नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई है। इसके आधार पर जिले की आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के आधार पर विकास कार्ययोजना तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में उद्योग निवेश वर्ष एवं किसान कल्याण वर्ष मनाया जा रहा है। सागर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद कई उद्योगपतियों ने निवेश कर उद्योग स्थापित किए हैं और उत्पादन भी प्रारंभ हो गया है।

### नल-जल योजना एवं राशन वितरण व्यवस्था पर फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन हमारी प्राथमिकता है। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। नल-जल योजना एवं राशन वितरण सहित सभी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके टीकमगढ़ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अन्यत्र पदस्थ करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जिले की प्रभारी मंत्री एवं पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध-घुमक्कड़ कल्याण विभाग की राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गौवंश के भरण-पोषण की अनुदान राशि बढाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि गौशालाओं में गौवंश के भरण-पोषण के लिए अनुदान राशि बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गौवंश प्रतिदिन की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में गौशालाओं को अनुदान वितरण के लिए 620.50 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा गौशालाओं को उपलब्ध कराई जा रही अनुदान राशि का समय पर एवं पारदर्शी तरीके से वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। निराश्रित बच्चों को 4,000 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है। योजनाओं का सर्वे कराकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर से शिकायत

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में कलेक्टर द्वारा 200 से अधिक कॉलोनियों को अवैध घोषित किए जाने के बावजूद उनके भूखंडों की खरीद-बिक्री और रजिस्ट्री धड़ल्ले से जारी है। इस मामले में बुधवार को भाजपा के सोशल मीडिया जिला संयोजक शुभम व्यास ने कलेक्टर से शिकायत कर विभागीय सांठगांठ और भू-माफियाओं की मिलीभगत का आरोप लगाया है।**

भाजपा नेता ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कॉलोनियों के विकास और प्लाटों की रजिस्ट्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद पंजीयक कार्यालय के अधिकारी नियमों का उल्लंघन कर रजिस्ट्रियां कर रहे हैं। पहचान छिपाने के लिए सेवा प्रदाताओं की लाइसेंस आईडी का जिक्र किया गया । प्रतिक्रिया के लिए जब प्रभारी जिला पंजीयक डीसी बाथम से संपर्क करने का प्रयास किया उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## पलेरा जनपद के अधिकारी की लापरवाही आ रही सामने




**नवभारत न्यूज, पलेरा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लिए लाखों करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रहे हैं लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा भ्रष्टाचार में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जन विश्वास अभियान चल रहे हैं जिसके तहत अंतिम छोर के व्यक्ति को शासन महत्वाकांक्षी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन हो सके लेकिन जिले की जनपद पंचायत पलेरा मे पदस्थ एएओ सहायक लेखा अधिकारी सरपंचो से खुलेआम दो प्रतिशत कमीशन मांग रही है ।**

ट्रेजरी से भुगतान करने तक का ठेका लेने की कमीशन ली जा रही है ट्रेजरी विभाग अधिकारी के नाम पर भी कमीशन सरपंचों से ली गई है सामग्री देयर के एफटीओ काटने के ऐवज में दो प्रतिशत की कमीशन सरपंचों से ली जा रही है सरपंचों के द्वारा कलेक्टर विवेक श्रोतिय एवं जिला पंचायत सीईओ को लिखित शिकायत की गई है।

## प्रक्षेत्रों पर शासकीय मूल्य पर बीज

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मत्स्यपालन के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है।**

सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला मेघा गुप्ता द्वार जानकारी दी गई है कि जिले के मत्स्यपालन से संबंधित सभी मछुआ सहकारी समितियां, मछुआ,व्यक्तिगत के लिये मछली पालन विभाग के मत्स्यबीज प्रक्षेत्रों पर उचित शासकीय मूल्य पर मत्स्यबीज उपलब्ध है। तालाबों में संचयन हेतु मत्स्यबीज प्राप्त करने के लिये कार्यालय से संपर्क करें।

## पानी की समस्या से ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने शुक्रवार को सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के भेलसी गांव के निवासियों ने बल्देवगढ़-खरगापुर रोड पर चक्का जाम कर दिया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद, प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर टैंकरों से पानी पहुंचाने और हैंडपंपों की मरम्मत करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया।**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे फिर से आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में कई दिनों से पीने के पानी की गंभीर किल्लत है। हैंडपंप खराब पड़े हैं और नल-जल योजना से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इस संबंध में सरपंच और अधिकारियों से कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।आक्रोशित महिला-पुरुषों ने सड़क पर बैठकर यातायात बाधित किया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

## अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधान जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में आज सब जेल निवाड़ी एवं सब जेल जतारा का निरीक्षण के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।**

सुनीता गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं अनुज कुमार चंसौरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी, द्वारा कार्यक्रम में बंदीगण को उनके अधिकारो की जानकारी दी।

## खाद मिलान के कार्य में आई गति

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। किसानों को सुगमता से उर्वरक वितरण को ध्यान में रखकर भारत सरकार के आईएफएमएस पोर्टल एवं प्रदेश के उर्वरक विक्रेता रिटेलर के स्टॉक का मिलान करने हेतु 14 अप्रेल को शाम 7.00 बजे से उर्वरक विक्रय बंद किया गया हैं, मिलान का कार्य तेजी से किया जा रहा हैं। किसानों को तकलीफ़ नहीं होगी, दिनांक 17 अगस्त से जितनी खाद चाइए उतनी मिलेगी, ताकि रबी की खाद इसी माह से किसानों को मिलना प्रारम्भ हो जाये।**

प्रदेश में रासायनिक उर्वरको का पर्याप्त भंडारण है, एक अप्रेल से अभी तक यूरिया की कुल उपलब्धता 17.04 लाख मीट्रिक टन थी, जिसमें से 12.83 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उठाव किसानो द्वारा किया गया हैं, वर्तमान में 4.21 लाख मीट्रिक टन की उपलब्धता हैं, जबकि विगत वर्ष इसी समय यूरिया की उपलब्धता 1.60 लाख मीट्रिक टन थी। डीएपी एवं एन पी के की कुल उपलब्धता 11.20 लाख मीट्रिक टन थी।

## क्लोरीनेशन अभियान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मानसून सत्र के दौरान जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड द्वारा विशेष क्लोरीनेशन अभियान चलाया जा रहा है।**

हैडपंपों एवं कुओं सहित पेयजल स्त्रोतों का निर्धारित मानकों के अनुसार क्लोरीनेशन किया जा रहा है, मानसून के दौरान दूषित जल से होने वाली बीमारियों से बचाव हो सके ।

## 24 अगस्त तक संपन्न होगी प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई टीकमगढ़ में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए ओपन कन्वर्जन राउंड की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इच्छुक अभ्यर्थी मध्यप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के बाहर के आवेदक विभागीय पोर्टल के माध्यम से 12 अगस्त से 16 अगस्त तक नवीन रजिस्ट्रेशन, पूर्व रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार तथा व्यवसाय एवं संस्था की प्राथमिकता चॉइस फिलिंग कर सकते हैं।**

शासकीय आईटीआई में जारी प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार रिक्त सीटों की संस्थावार एवं व्यवसायवार जानकारी 12 अगस्त को विभागीय पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। ओपन कन्वर्जन राउंड की पंचम चयन सूची 20 अगस्त को विभागीय पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। चयनित आवेदकों की प्रवेश प्रक्रिया 20 अगस्त से 24 अगस्त तक संपन्न होगी। महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की विशेष छूट है।

## दिनभर छाए रहे बादल, करीब 28 इंच बारिश अब तक दर्ज

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में बीते 24 घंटे में औसत 1.5 इंच बारिश हुई। पलेरा में सबसे ज्यादा 72 यानी करीब 3 इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज फिर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सुबह से जिले में बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई।**

टीकमगढ़ और खरगापुर तहसील में करीब ढाई इंच बारिश हुई। बल्देवगढ़ में 50 द्वद्व यानी 2 इंच पानी गिरा। जतारा और बड़ागांव तहसील में 26-26 द्वद्व यानी करीब 1 इंच बारिश हुई। लिधौरा और मोहनगढ़ में बहुत कम बारिश दर्ज की गई ।टीकमगढ़ जिले में अब तक औसत 20.5 इंच बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी तारीख तक 47 इंच औसत बारिश हुई थी। यानी पिछले साल के मुकाबले इस साल करीब 27 इंच कम बारिश हुई है।भू-अभिलेख कार्यालय के मुताबिक, पलेरा में अब तक सबसे ज्यादा 789 द्वद्व यानी 31.5 इंच बारिश हुई है। टीकमगढ़ में 697 द्वद्व यानी करीब 28 इंच बारिश दर्ज की गई।



## 24 को रोजगार मेला का आयोजन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय आईटीआई, शनि मंदिर के पास, में 24 अगस्त को प्रातः 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे।

## जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए जन प्रतिनिधि



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। संत शिरोमणि गुरुदेव रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान एवं कलश यात्रा के अंतर्गत आज टीकमगढ़ की पावन धरा पर नजरबाग मंदिर के प्रांगण स्थित मंदिर से भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संत रविदास जी महाराज के समानता, सद्भाव, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता के संदेश को जिले के प्रत्येक गांव तक पहुंचाना रहा।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीशंकर खटीक विधायक जतारा द्वारा की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत , समरसता अभियान के प्रभारी अस्वनी चढ़ार एवं सहप्रभारी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष मुकेश अहिरवार , अपर कलेक्टर शिव प्रसाद मडराह महोदय, जिला संयोजक मुकेश पालीवाल, आलोक कुमार गुप्ता सहित अनेकों लोग शामिल रहे।

## कृषि यंत्रों के लिए किसानों को अनुदान

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ। कृषि यंत्रों को किसानों को किराए पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कस्टम हायरिंग योजना के अंतर्गत कृषि यंत्र किराए की दुकान कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक 7 अगस्त 2026 से 21 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।**

प्राप्त आवेदनों में पात्र आवेदकों का चयन 22 अगस्त 2026 को लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। लॉटरी में चयनित कृषक को नियमानुसार अनुदान की पात्रता होगी। कस्टम हायरिंग योजना के अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के लिए कुल 13 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें सामान्य वर्ग के लिए 4, अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 4, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 4 तथा एफपीओ के लिए एक लक्ष्य निर्धारित है। योजना के तहत आवेदन करने के लिए आवेदक के पास 12वीं कक्षा की अंकसूची होना आवश्यक है। आवेदक के स्वयं अथवा माता-पिता के नाम का खसरा एवं बी-1 होना चाहिए।

## गंदगी से पनप रहे मच्छर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है।लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।**






## परेशानी

### परिजन चारपाई पर लिटाकर ले गए घर

# बदहाल सड़क व्यवस्था के चलते प्रसूता महिला को आई परेशानी



**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। जतारा जनपद पंचयात की ग्राम पंचायत मडखेरा के गाँव नन्दनपुर की हरिजन बस्ती तक जाने बाले खराब रास्ते और बदहाल सड़क व्यवस्था के चलते एक प्रसूता महिला को जिला अस्पताल से घर तक पहुंचाने में परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एंबुलेंस गांव के खराब रास्ते के कारण करीब दो किलोमीटर पहले ही प्रसूता और नवजात को छोड़कर लौट गई, जिसके बाद परिजनों को प्रसूता महिला को चारपाई पर लिटाकर करीब दो किलोमीटर तक पैदल ले जाना पड़ा।**

घटना की तस्वीर सामने आने के बाद गांव की सड़क व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रसूता संगीता अहिरवार के पति राघवेंद्र अहिरवार का कहना है कि बारिश के मौसम में रास्ता बेहद खराब हो गया है, जिससे एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों का गांव तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव के रास्ते की तत्काल मरम्मत कराने और बारिश के दौरान आवागमन सुचारु रखने की मांग की है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एंबुलेंस गांव तक पहुंचना जरूरी है, ताकि किसी मरीज को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिस दिन मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को टटोलने के लिए जिला अस्पताल का निरीक्षण कर रहे थे उसके ठीक एक दिन पहले प्रसूता और उसका परिवार स्वास्थ्य एवं सिस्टम की व्यवस्था से परेशान होते नजर आए।

### दबंगों पर आम रास्ते पर कब्जा करने का आरोप

पीड़ित परिवार की माने तो नंदनपुर से हरिजन बस्ती को जोड़ने वाली आम रास्ता राजस्व के कागज़ो में तो दर्ज है लेकिन गांव के ही दबंगो ने आम रास्ते पर कब्जा कर लिया और रास्ते कों बंद कर दिया, जिस वजह से आम रास्ता का निर्माण नहीं हो पा रहा इसलिए लोगों को जान जोखिम में डालकर खेतों की पगडंडी रास्ता से आवाजाही करनी पड़ रही है।

## अभियान के तहत किसानों के बनेगें दस्तावेज

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। रबी वर्ष 2026-27 के लिए जिले में एग्रीस्टैक पंजीयन, पैक्स सदस्यता एवं अग्रिम उर्वरक उठाव अभियान के सफल एवं प्रभावी संचालन के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।**

उल्लेखनीय है कि जिले में यह अभियान 20 अगस्त से 15 सितंबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत किसानों की फार्मर आईडी तैयार करने, शेष खातों को फार्मर आईडी में सम्मिलित करने, पैक्स में नवीन सदस्यों को जोड़ने, किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने तथा किसानों को अग्रिम उर्वरक उठाव के लिए प्रेरित करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही किसानों को ई-विकास प्रणाली में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देने तथा उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी अभियान के प्रभावी एवं समयबद्ध संचालन, समन्वय एवं मॉनीटरिंग सुनिश्चित करेंगे।


